# तम्बाकू उत्पादों से आजीवन दूर रहने की दिलवाई शपथ



पाली में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू निषेध अभियान चलाया जा रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली, (नि.सं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित किये जा रहे " टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 " के अंतर्गत जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी तम्बाकू उत्पादों के गम्भीर दुष्परिणामों के प्रति आमजन को, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के लिये आयोजित नई किरण योजनान्तर्गत नशा मुक्ति अभियान की कार्यशाला शनिवार को आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण ईकाई,पाली द्वारा तम्बाकू से दूर रहने हेतु विद्यार्थियों को जानकरी प्रदान की गई।

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि हम सब की यह प्रमुख जिम्मेदारी है कि हमारे युवा तम्बाकू की पहुँच से दूर रहें, इस ओर विशेष कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। इसी के चलते शनिवार को बांगड़ कॉलेज में आयोजित एन.एस.एस. कार्यशाला में चिकित्सा विभाग की ओर से ए.एन.एम. प्रशिक्षण के प्रधानाचार्य एवं तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र के सायकॉलोजिस्ट के. सी. सैनी ने विद्यार्थियों को आजीवन तम्बाकू से दूर रहने के उपाय बताये, उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि तम्बाकू सेवन से पूरे देश में हर वर्ष लगभग 14 लाख लोग असमय मौत का शिकार हो रहे हैं, जो बेहद दु:खद है, यद्यिप इन अनावश्यकरूप से हो रही मौतों को आसानी से रोका जा सकता है। इस हेतु आवश्यक है कि सभी युवा तम्बाकू सेवन से बचें तथा जो लोग तम्बाकू सेवन कर रहे हैं,उन्हें तम्बाकू मुक्त किया जाये। इस हेतु बांगड़ चिकित्सालय में तम्बाकू मुक्ति केन्द्र संचालित किया जा रहा है, जहाँ पर नि:शुल्क सेवायें प्रदान की जा रही हैं।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि आगामी दिवसों में जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं सैक्टर स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किया जायेगा, इसके अनुसार सभी स्तरों पर युवाओं को तम्बाकू से दूर रखने के प्रयास किये जायेंगें, सभी शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्रामों को तम्बाकू मुक्त बनाया जायेगा।

जागरूकता गतिविधियों में रैली आयोजन, प्रभातफेरी आयोजन, साईकल एवं वाहन रैली आयोजन, मानव श्रृंखला का आयोजन, स्कूलों में प्रतियोगितायें आयोजित करना, नारा लेखन करवाना, तम्बाकू मुक्ति केन्द्र का सुदृढीकरण करना, कोटपा अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन करना आदि गतिविधियां आयोजित की जायेंगी तथा सभी युवाओं को तम्बाकू मुक्ति की शपथ भी दिलवाई जा रही है।

तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र के सायकॉलोजिस्ट के. सी. सैनी ने शनिवार को आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों को तम्बाकू की भयावहता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा संवाद के दौरान के.सी. सैनी ने कहा कि परिवार में किसी भी एक सदस्य के द्वारा तम्बाकू सेवन के दुष्परिणाम पूरे परिवार को झेलने पड़ते हैं तथा उस परिवार के बच्चों को भी तम्बाकू की लत लगने की पूर्ण सम्भावना रहती है।

उन्होंने विद्यार्थियों का आहवान किया कि वे अब तम्बाकू सेवन करने वाले लोगों को रोकना एवं टोकना शुरू करें, उन्हें उनकी कसम दिलवाकर तम्बाकू की लत छुड़ाने का प्रयास करें,यदि वे फिर भी तम्बाकू की लत ना छोड़े पायें,तो उन्हें तम्बाकू मुक्ति केन्द्र पर जरूर भेजें ताकि उनकी तम्बाकू की दल आसानी से छुड़ाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सैनी ने आजीवन तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलवाई । कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.एस. राजपुरोहित, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मानवी शेखावत, मनीष नोथ, गणेश राम एवं तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के रेवन्तराम उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य राजपुरोहित ने चिकित्सा विभाग का आभार प्रकट किया।

## टर्मिनल स्टेशनों में आज से बदलाव

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य व अन्य परियोजनाओं के प्रगति पर होने के कारण दस जोड़ी ट्रेनों के टर्मिनल स्टेशनों में रविवार से अस्थाई बदलाव किया जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत जहां 7 जोड़ी ट्रेनें जोधपुर रेलवे स्टेशन की जगह उपनगरीय भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से चलने लगेगी वहीं भगत की कोठी से चलने वाली 3 साप्ताहिक ट्रेनों को जोधपुर रेलवे स्टेशन से चलाया जाएगा।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे मेगा अपग्रेडेशन व यात्री सुविधा से जुड़े अन्य कार्यों के चलते 5 जोड़ी डेली और 5 जोड़ी वीकली ट्रेनों के टर्मिनल स्टेशनों में 20 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से अस्थाई परिवर्तन किया जा रहा है, जिसके तहत लूनी की ओर जाने वाली 7 जोड़ी ट्रेनों को जोधपुर की जगह भगत की कोठी एवं मेड़ता रोड की ओर जाने वाली 3 जोड़ी साप्ताहिक ट्रेनों को भगत की कोठी की जगह जोधपुर रेलवे स्टेशन से चलाया जाएगा।

## काव्य-कलश की गोष्ठी आज

**जोधपुर**, (कासं)। "काव्य-कलश" साहित्य संस्थान की प्रथम काव्यगोष्ठी रविवार को सांय पावटा सी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की जाएगी। संस्थान के सचिव श्याम गुप्ता शान्त ने बताया कि उक्त संस्था की प्रथम मासिक काव्य-गोष्ठी मनोहर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में होगी। गोष्ठी महिलाओं के पर्व- करवा-चौथ पर विशेष रूप से केन्द्रित रहेगी।

# श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश फैला दो : वर्मा




नगर-निगम ( दक्षिण ) एवं कंद्रीय संचार ब्यूरो जोधपुर ने सफाई अभियान चलाया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंदीय संचार ब्यूरो, पत्र सूचना कार्यालय, नगर-निगम (दक्षिण) जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज दूरदर्शन कॉलोनी चौपासनी हाऊसिग बोर्ड सैक्टर 19 पर "स्वच्छता ही सेवा" स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता की थीम पर नगर-निगम (दक्षिण) एवंम् केंद्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर के कर्मचारियों, अधिकारियों और आमजन के सहयोग से श्रमदान किया गया।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा, वार्ड प्रभारी भुपेन्द भाटी, सफाई जमादार प्रहलाद कंडारा, सुनील, किरण, सायरी, पिन्टू, अनुबिंधत वाहन चालक हरीराम, खीयाराम, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर के के. आर. सोनी, कार्यालय लिपिक मिंकू, एमटीएस रवि यादवइ इत्यादि कर्मचारीगणो के साथ आमजन एवं प्रबुध नागरिकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मीडिया एंव संचार अधिकारी आशीष वर्मा ने इस वर्ष की "स्वच्छता ही सेवा" स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता की थीम पर कहा कि आमजन के स्वभाव में परिवर्तन को बढ़ावा देने और श्रमदान के माध्यम से हम सब को मिलकर जन भागीदारी से ही एक सुन्दर, स्वच्छ, एवंम् स्वस्थ भारत बनाने की अपील की।

इसअवसर पर केद्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर के के. आर. सोनी ने बताया कि हम अपना घर स्वच्छ रखने पर पूरा ध्यान देते हैं लेकिन गली, मौहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर हमारा नजरिया बदल जाता है। इसके कारण ही बीमारियां अधिक होती हैं।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है और संकल्प के साथ प्रत्येक नागरिक को यह पूरा करना होगा।

साथ ही स्वच्छता में सहयोग प्रदान करने वालों को विभाग की आर से केनवास बैग एवं प्रचार सामग्री वितरण की गयी। इसी के साथ स्वच्छता की शपथ भी ली गयी।

# बी.एस.एफ. के नव आरक्षकों की दीक्षांत परेड आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर में नव आरक्षकों के बैच संख्या 253, 254 व पीटीएस-1 की दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें 567 नव आरक्षकों ने भारतीय संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने की शपथ ली व खुद को देश के लिए समर्पित किया।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि बीएसएफ सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग थे। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। मुख्य अतिथि गर्ग ने नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने सीमा सुरक्षा बल में शमिल होकर चुनौतियों से लड़ने का साहसिक निर्णय लिया है। निष्ठा और इमानदारी से सौंपे गए कार्यों को पूरा करते हुए आप निश्चय ही देश को प्रथम पंक्ति में लाने में अपना विशिष्ट सहयोग अवश्य प्रदान करेंगे। आपको सीमा या आन्तरिक सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया जाता है तो आप आम जनता के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार कर मानव अधिकारों का सर्वोच्च सम्मान करें व बल की गरिमा को सदा अक्षुण्ण बनाए रखें।

कमाण्डेंट (मुख्य प्रशिक्षक) देवेन्द्र सिंह ने बताया कि इन नव आरक्षकों को 44 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के दौरान, शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, शस्त्र संचालन, युद्ध कौशल, सीमा सुरक्षा एवं निगरानी, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, विधि, योग, मानव व्यवहार व मानवाधिकार इत्यादि विषयों में प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही इनके व्यक्तित्व को उभारने व संवारने के लिए प्रशिक्षकों ने प्रत्येक नवआरक्षक पर कड़ी मेहनत की है।

प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए नव आरक्षक प्रियांशु तिवारी, बिकास बारों व योगेश सिंह महर को अपने-अपने बैच में ओवर ऑल प्रथम स्थान हासिल करने के लिए स्वर्ण पदक से अलंकृत किया गया। नव आरक्षक प्रियांशु तिवारी ने परेड का नेतृत्व किया व बेस्ट इन ड्रिल का पदक प्राप्त किया। दीक्षांत परेड समारोह के उपरांत नवारक्षकों द्वारा पारम्पारिक शस्त्र कला, विहू नृत्य दिखाया गया। सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के कार्मिकों द्वारा थार वारियर का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हथियार फोटो गैलरी व प्रशिक्षुयों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों को भी प्रदर्शित किया गया।

## भारत को जानो प्रतियोगिता का परिणाम जारी

**सायला**, (निसं)। भारत विकास परिषद् शाखा सायला की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता का मंछाराम राणा प्रधानाचार्य राउमावि उम्मेदाबाद के मुख्य आतिथ्य व परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी की अध्यक्षता में सुबोध विद्या मंदिर माध्यमिक उम्मेदाबाद में आयोजन हुआ। विशिष्ट अतिथि के नाते सुबोध विद्या मंदिर के संस्थाप्रधान सुरेन्द्र कुमार परमार व शांति परमार उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती व स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई। समारोह के प्रारंभ में प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने भारत को जानो प्रतियोगिता के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी प्रदान की।

शाखा के कार्यकारी सचिव तेनसिह परमार ने विद्यार्थियों को भारत विकास परिषद् संगठन का संक्षिप्त परिचय बताया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से कनिष्ठ वर्ग में ०5 टीमें व वरिष्ठ वर्ग में 6 टीमो के कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास, कला, साहित्य, खेल, वेद पुराण, राजनीति व संविधान तथा समसामयिक विषयों पर भारत देश से संबंधित बहुत ही रोचक व ज्ञानवर्धक सवाल पूछे गये।बालक बालिकाओं ने इन प्रश्नों का बहुत ही उत्साह से जवाब दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के कनिष्ठ वर्ग में रामदेव शिक्षण संस्थान उ. मा. विद्यालय सायला की टीम के छात्र कृपालसिंह व यशपालसिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल वालेरा की टीम के छात्र आदित्य व उज्जवलराज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विवेकानन्द माध्यमिक विद्यालय सायला की टीम ने तीसरा स्थान स्थान हासिल किया। इसी तरह कक्षा 9 से 12 के वरिष्ठ वर्ग में सुबोध विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय सायला के विद्यार्थी ऋृषिराजसिंह व प्रियंका कुमारी प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर सुबोध विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय उम्मेदाबाद की टीम के विद्यार्थी साक्षी व शुभम् माली रहे। सभी विजेता टीमों को पारितोषिक व परिषद् की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन क्विज मास्टर प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी व कार्यकारी सचिव तेनसिंह परमार ने किया। प्रतिभागियों को परिषद् की ओर से समारोह में ही अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही दोनों कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की टीमें रविवार को पिंडवा?ा में आयोजित प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस अवसर पर संगणक अंक प्रदाता के रूप में नानजीराम चौधरी ने सेवाएं प्रदान की।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों के टीम प्रभारी व अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अंत में शाखाध्यक्ष हनुवंत सिंह राजपुरोहित ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अम्बालाल , अशोक किलानियॉं, भरत कुमार, रविन्द्र चौहान अनिल कुमार समेत कई जने उपस्थित थे।

# बिजली विभाग व किसान मृतक के परिवार को मुआवजा देंगे

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के देवीकोट इलाके में खेत पर करंट से हुई पाक विस्थापित दंपती की मौत के बाद बिजली विभाग और खेत मालिक द्वारा करीब 20 लाख रुपए के मुआवजे के आश्वासन के बाद परिजन मृतक दंपती फोटाराम ओड (35) और दाधली देवी (32) के शव लेने को राजी हुए। इस दौरान विधायक छोटूसिंह भाटी के निजी सचिव, बिजली घर के अधिकारी, सांगड़ थानाधिकारी व मृतकों के परिजन-रिश्तेदार व पार्षद नरसिंग ओड मौजूद रहे। इस दौरान खेत मालिक की तरफ से दो लाख रुपए मुआवजे के तौर पर पहले दिए गए। परिजन शवों के पोस्टमॉर्टम करवा मॉच्र्युरी से शव लेकर अंतिम संस्कार को निकले। शुक्रवार को देवीकोट इलाके के सांगाणा गांव में एक खेती का काम करने के दौरान ट्रैक्टर पर बिजली का पोल गिर गया था। करंट से फोटाराम और उसको बचाने आई उसकी पत्नी दाधली देवी की मौत हो गई थी। हादसे के बाद मृतक दंपती के परिजनों और रिश्तेदारों ने खेत मालिक और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शवों को मॉर्च्यूरी से उठाने से इनकार कर दिया था। शनिवार को समझाने और मुआवजे पर सहमति बनने के बाद शवों को उठाया गया। पाक विस्थापित दंपती की मौत के मामले में बिजलीघर के अधिकारियों ने करीब 10 लाख के मुआवजे का आश्वासन दिया, वहीं खेत मालिक ने 4 लाख रुपए, इसके साथ ही निजी कंपनियों से मदद के तौर पर करीब 6 लाख रुपए दिलवाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। इस दौरान खेत मालिक की तरफ से 2 लाख रुपए पीड़ित परिजनों को दिए गए। अन्य रकम भी बहुत जल्द पीड़ित परिजनों को दिलवाने का आश्वासन दिया गया।

# रानीवाड़ा के आदर्श विद्या मंदिर में गरबा प्रति. हुई



रानीवाड़ा के आदर्श विद्या मंदिर में गरबा प्रतियोगिता के विजताओं का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। शुक्रवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में नारी उत्कर्ष संस्थान के तत्त्वावधान में गरबा प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी कन्हेया बाई धामसीन, संस्थान अध्यक्ष विराज देसाई, नगर पालिका चेयरमैन जेठी देवी राणा व पुर्व प्रधान रमिला मेघवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें रा.बा.उच्च मा. विधालय रानीवाड़ा, श्री रघुनाथ बिश्नोई मेमोरियल कॉलेज रानीवाडा, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विधालय जालेरा कलां, श्री कृष्णा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूड़ा, आदर्श विधा मंदीर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रानीवाडा, न्यू गोल्डन एजूकेशन सेंटर सैकेंडरी स्कूल रानीवाडा, आपेश्वर विधा मंदिर स्कूल रानीवाडा, राजकीय महाविद्यालय रानीवाडा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाडा, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल डोडवाडीया, राजाराम बालिका शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल रानीवाडा, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय जालेरा कलां, राजकीय उच्च प्रा. विद्यालय नट कॉलोनी रानीवाडा की टीमो के बीच गरबा प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस दौरान प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान राजकीय उच्च प्रा. विद्यालय नट कॉलोनी रानीवाडा, द्वितीय स्थान पर श्री कृष्णा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूड़ा व तृतीय स्थान पर श्री रघुनाथ बिश्नोई, मेमोरियल कॉलेज रानीवाडा की टीम रही। क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

नारी उत्कर्ष संस्थान की अध्यक्ष विराज देसाई ने बताया कि हमारी संस्थान पिछले दस वर्ष से सिरोही जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रतियोगितायो का आयोजन कर नारी सशक्तिकरण, बच्चो में आत्म विश्वास, अनुशासन सहित विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं।

रानीवाडा मे यह हमारा प्रथम कार्यक्रम हैं इस प्रतियोगिता में टीमों ने उत्साह, उमंग व जोश के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम से गांवों की बालिकाओं को आपस मे मिलने का मौका मिला व अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक की भूमिका दिलीप पटेल, देव चौहान, देवांशी दोषी निभाई।

संस्थान सचिव व सदस्य विभा श्रोत्रिय, माया अग्रवाल, लीला परमार, मीरा कंवर, शालिनी कंवर, मीना गर्ग, सीधी बंसल, रोशन शेख, सुलोचना परमार सहित स्थानीय जन प्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिकों सहित लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## कार में बैठ कर आए लोग वाहन चोरी कर गए

**जोधपुर**, (कासं)।शहर में वाहन चोर सक्रिय बने हुए है। अब तक चौपहिया वाहन चुराने वाले पैदल या बाइक पर आकर कार आदि चुरा कर ले जाते थे, मगर अब खुद चौपहिया वाहन में आते है और चौपहिया वाहनों को चुराकर ले जाते है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र में एक ऐसी ही कार चोरी की घटना हुई। अज्ञात लेकर आधी रात को कार लेकर आए और एक घर के बाहर से कार से चुरा कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिज्ध लोग नजर आए है। पुलिस अब पहचान के साथ तलाश में जुटी है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस के अनुसार व्यापार करने वाले यूआईटी कॉलोनी पीएफ ऑफिस रोड निवासी सुनिल प्रजापति पुत्र डा. प्रेमसुख प्रजापति ने मामला दर्ज कराया है।

इसमें बताया कि 17 अक्टूबर की रात साढ़े नौ बजे उसने अपनी कार डीआई को गली में खड़ा किया था। अगले दिन यानी 18 अक्टूबर की सुबह साढ़े छह बजे दूध लेने निकला तो कार अपने स्थान पर नहीं मिली।

इस पर उसने तलाश की, मगर कार नजर नहीं आई। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पता लगा कि रात ढाई से पौने तीन बजे के बीच उसके घर के पास कार आई थी। जिसमें से उतरे युवक कार को चुरा कर ले गए। कार अणदाराम स्कूल रोड तक जाती दिखी है। चौहाबो पुलिस अब कार का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### अलग अलग स्थानों से बाइक चोरी

चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड पुलिस के अनुसार बाबू लक्ष्मण सिंह कॉलोनी महामंदिर तीसरी पोल के बाहर रहने वाले ओमप्रकाश चौधरी पुत्र मोतीराम चौधरी अपने बाइक लेकर एक होटल पर आया था। जहां होटल के बाहर से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

दूसरी तरफ शास्त्री नगर थाने में दी रिपोर्ट में आसोप की पोल जूनी मंडी निवासी हर्षित किशन शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह एमडीएम अस्पताल आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई।

वहीं देवनगर पुलिस ने बताया कि कमला नेहरू नगर हुडको क्वार्टर निवासी रमेश कुमार पुत्र रतनलाल की बाइक टीबी अस्पताल के पास से चोरी हुई। इधर उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में भाण्डूखुर्द निवासी गणपत जाट पुत्र पदमाराम जाट ने पुलिस को बताया कि कचहरी परिसर से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

# सुहागिन महिलाएं रखेगी पति की दीर्घायु के लिए व्रत

**जोधपुर**, (कासं)। अपने पति की लंबी आयु के लिए रखा जाने वाला व्रत करवा चौथ बीस अक्टूबर को रखा जाएगा। इस बार करवा चौथ के व्रत में पांच शुभ योग बनने से महिलाओं में उत्साह हैं। करवा चौथ पर बाजार में भी भीड़ दिखाई दे रही है।

करवा चौथ पर्व को लेकर शहर के बाजार गुलजार हो रहे हैं। महिलाओं ने बाजार की रौनक बढ़ा दी है। सुहागिन महिलाएं तैयारी में जुट गई हैं। महिलाएं जहां सौंदर्य प्रसाधन और साडिय़ों की खरीदारी में रुचि दिखा रही है।

वहीं करवा, छलनी, दीया, फूलबत्ती आदि पूजन सामठाी की भी खूब खरीद की जा रही है। पति को लक्ष्मीवान और लम्बी आयु की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक है। इस दिन महिलाएं पूरा दिन निर्जला रहती हैं और रात में चंद्रोदय के बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोलती हैं। जानकारों की माने तो इस बार करवा चौथ पर शश, गजकेसरी योग, समसप्तक, बुधादित्य और महालक्ष्मी जैसे राज योगों का निर्माण हो रहा है। जिससे करवा चौथ के दिन लंबे समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होने, हर क्षेत्र में सफलता के योग के साथ शुक्र, शनि के साथ मंगल ग्रह की विशेष कृपा होने से जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

### विहिप ने सात जगह लगाए मेहंदी केंद्र

करवा चौथ के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति द्वारा शहर में सात स्थानों पर दो दिवसीय मेहंदी उत्सव के तहत केंद्र शुरू किए गए है। सेवा प्रमुख पवन मिश्रा ने बताया कि सनातन संस्कृति में करवा चौथ व्रत महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण व सर्वश्रेष्ठ होता है।

इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा अर्चना करती है और मेहंदी इस श्रृंगार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं शहर में बढ़ रही है। इसी को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद ने शहर में सात स्थानों पर मेहंदी केंद्र शुरू किए जहां प्रशिक्षित मेहंदी आर्टिस्ट महिलाओं द्वारा मेहंदी लगाई जा रही है।

दुर्गा वाहिनी संयोजिका कविता राजपुरोहित ने बताया कि 16 सेक्टर के दशहरा मैदान, सरदारपुरा के कुमार पंचायत भवन, पुराने शहर में ब्राह्मण स्वर्णकार समाज भवन, मसूरिया के कुम्हारों की बगेची, झालामण्ड में इंडिया बुल्स मॉल में, कुड़ी हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 4 के रामदेव मन्दिर व पाल रोड के आशियाना द्वारका में केंद्र शुरू हुए जो रविवार रात तक रहेंगे। इस अभियान में विहिप के तरुण सोतवाल, विवेक महिषी, उमेश सैनी, हेमंत शाह, दयाल प्रजापत, जितेंद्र सोनी की टीम सहयोग कर रही है।

# मां वाउचर योजना से लाभांवित हो रहीं हैं गर्भवती : डॉ. चौधरी

**बालोतरा**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के अनुरूप गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए जिले में मां वाउचर संचालित की जा रही है। राज्य सरकार की महत्त्वाकाक्षी मां वाउचर योजना से जिले की महिलाएं लाभान्वित हो रही है। जिले में अब तक 13 सोनोग्राफी सेंटर योजना से जुड चुके हैं और 342 महिलाओ को वाउचर भी जारी किया जा चुका है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पर केंद्र पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को इस योजना लाभ दिया गया।

सीएमएचओ डॉ. वाकाराम चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से मां वाउचर योजना की शुरुआत 18 सितंबर से की गई। जिसमें अब सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जिले की महिलाएं भी लाभान्वित हो रही हैं। योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही सोनोग्राफी नि:शुल्क कराई जा रही है। इसमे जिले के 13 निजों सोनोग्राफी सेंटरों को जोडा गया है, ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के क्षेत्र में नि:शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा मिल सके।

सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने बताया कि योजना के प्रभावी ियान्वयन के लिए विभागीय सॉफ्टवेयर पीसीटीएस, पीसीपीएनडीटी इंपैक्ट और ओजस को इंटीग्रेटेड कर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। पीसीटीएस पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की में गर्भकाल के दौरान की एक एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही में प्रत्येक माह की ०9, 18 व 27 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर आवश्यक जांच के साथ साथ सोनोग्राफी जांच करवाने के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जारी किया जा रहा है। इस कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग से अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच नि:शुल्क करवा सकती है। इसके अलावा पूर्व के भांति सरकारी सोनोग्राफी सेंटर पर नि:शुल्क सोनोग्राफी जारी रहेगी। जिले में अब तक 342 गर्भवती महिलाओं की वाउचर जारी किए गए हैं। वाउचर एक माह तक वैलिड रहता है, इस कारण महिलाएं अपनी सुविधा अनुसार सोनोग्राफी करवा सकती हैं। जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध है, वहां से वाउचर जारी नहीं किए जाएंगे।

बालोतरा जिले में ये जुडे:- सोनोग्राफी सेंटर बाबा रामदेव हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर बालोतरा, गंगा सोनोग्राफी सेंटर, हितकारी अस्पताल, महावीर सोनोग्राफी सेंटर, मारवाड हॉस्पिटल एण्ड सोनोग्राफी सेंटर, पुष्पा हॉस्पिटल, विश्नोई हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर बालोतरा, अपेक्स हॉस्पिटल एण्ड डाग्नोस्टिक सेंटर, जसनाथ जन सेवा संस्थान एण्ड सोनोग्राफी सेंटर, आनन्द हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर प्रा.लि., मातेश्वरी चिकित्सा केंद्र, शांति हॉस्पिटल, श्री जी हॉस्पिटल जुड चुके है।

**आम सूचना**

**फर्म से भागीदारी समाप्त करने के लिए**

मै राजेन्द्र कंवर पत्नी श्री भंवर सिंह जी उम्र 44 वर्ष , जरिये अधिकृत भागीदारी मैसर्स BALAJI STONE पता प्लॉट नं. 48 लक्ष्मी नगर जालोर जिला - जालोर राजस्थान - 343001 , शपथ पूर्वक बयान करती हुं कि हमारी भागीदारी फर्म मैसर्स BALAJI STONE है जिसे दिनांक 04.12.2021 को बनाया गया था जिसका भागीदारी पंजीयन जिला उद्योग केंद्र जालोर में पंजीयन क्रमांक RF/JLR/2022/138 दिनांक 18.01.2022 को किया हुआ है । इस फर्म से भागीदार राजेन्द्र कंवर पत्नी श्री भंवर सिंह जो निवासी हाउस न. 194 गली नं. 6, शास्त्री नगर , पावटा सी रोड जोधपुर , जिला -जोधपुर (राज.)ने दिनांक 15.10.2024 को फर्म से अपनी स्वेच्छा से भागीदारी समाप्त का निर्णय लिया है अत: इससे किसी भी व्यक्ति या फर्म को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 10 दिन के भीतर जिला उद्योग केंद्र जालोर को सूचित करावें ।

प्रार्थी
राजेन्द्र कंवर